पंजाब केसरी 19/05/2025

# तिरंगा यात्रा में जी.एम.एन. कॉलेज ने लिया उत्साहपूर्वक भाग

अम्बाला, 18 मई (बलराम): ऑप्रेशन सिंदूर की विजय के उपलक्ष्य में स्वतंत्रता संग्राम और राष्ट्रीय एकता के प्रतीक तिरंगा के सम्मान में रविवार को सरकारी पी.जी. कॉलेज अम्बाला छावनी से भव्य तिरंगा यात्रा रैली का आयोजन किया गया। इस आयोजन में प्राचार्य डा. रोहित दत्त की अगुवाई में जी.एम.एन. कॉलेज, अम्बाला छावनी ने पूरे जोश और उत्साह के साथ भाग लिया।

कॉलेज की ओर से 25 ब्वॉयज कैडेट्स एन.ओ. डा. एस.एस. नैन के निर्देशन में रैली में शामिल हुए, जबकि 39 गर्ल्स कैडेट्स, उनके सी.टी.ओ. डा. तृप्ति शर्मा के नेतृत्व में उपस्थित रहीं। साथ ही, खेल शिक्षक बृजेश ने भी अपनी सक्रिय सहभागिता दर्ज करवाई।

एन.एस.एस. इकाइयों से डा. सरोज और डा. अनीश के मार्गदर्शन में कुल 55 स्वयंसेवकों ने रैली में भाग लिया। इसके अतिरिक्त, कॉलेज के शिक्षण व गैर-शिक्षण स्टाफ के सदस्य भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।



तिरंगा यात्रा में शामिल कैडेटस। (चंद्रमोहन)